शहर इमाम ने युसूफ नूर मोहम्मद गर्ल्स स्कूल का उद्घाटन किया

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित वार्ड 27 में मोहल्ला व्यापारियान में बुधवार को युसूफ नूर मोहम्मद गर्ल्स स्कूल का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय का शुभारंभ मुख्य अतिथि सैयद मोहम्मद अनवार नदीम-उल-कादरी शहर इमाम ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुमताज अली कुरैशी ने की।

वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. एफ.एच. गौरी, डॉ. एहसान गौरी, डॉ. अख्तर अली खान, एडवोकेट आबिद कुरैशी, मौलाना अब्दुल जब्बार, मौलाना मोहम्मद रफीक, मुफ्ती इरशाद कासमी, तंजीम जमीयत उल कुरैश के अध्यक्ष हाजी मुश्ताक, उपाध्यक्ष हाजी याकूब थीम व हाफिज मोहम्मद इश्तियाक थे। विद्यालय भवन का निर्माण मोहम्मद रमजान कुरैशी ने अपने पिता युसूफ नूर मोहम्मद की स्मृति में करवाकर तंजीम जमीयतुल कुरैश संस्थान को सौंपा। कार्यक्रम में अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि यह विद्यालय कक्षा 01 से 09 तक की लड़कियों को षिक्षा ग्रहण करायेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि शहर इमाम ने कहा कि लड़कियां शिक्षित होकर दो घरों का नाम रोषन करेगी।

उन्होंने लड़कियों की षिक्षा के लिये बेहतरीन संदेश दिया। लडकियां शिक्षत होकर देश सेवा करेंगी, जिस प्रकार आज सोफिया कुरैशी ने देश का नाम रोशन किया है। डॉ. एफ. एच. गौरी ने कहा कि इस्लाम में शिक्षा के लिए पहला शब्द इकरा आया है। कुरान में इसका मतलब पढाई से हैं। हाजी याकूब थीम ने इस पुनित कार्य के लिये हाजी वाला परिवार का आभार व्यक्त किया। कौम कुरैशियान झुंझुनू के अध्यक्ष उमर कुरेशी ने कहा कि हमें सबको साथ लेकर चलना होगा, तब ही हम आगे बढ़ सकेंगे।

मास्टर मुस्तफा कुरेशी ने कहा कि मुस्लिम कौम में अब महिला शिक्षा को लेकर काफी जागरूकता आयी है। मास्टर अब्दुल कुरेशी झुंझुनूंवाला ने कहा कि लड़कियों की तालीम से समाज में सुधार होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. मुमताज कुरैशी ने कहा कि स्कूली शिक्षा के साथ-साथ उच्च शिक्षा भी हमारा मकसद है, बच्चियों को अच्छी शिक्षा मिलने से समाज में जागरूकता आयेगी।

कार्यक्रम में अणुव्रत समिति की अध्यक्ष रचना कोठारी, सचिव ताहिर खान एडवोकेट, प्रिंसिपल फरीदा, मौलाना उस्मान सरदारशहर, शौकत अली खान झारिया, पूर्व एडिशनल एसपी अयूब मोहम्मद, नूर मोहम्मद खान, डॉ. एम.एम शेख, हाजी हनीफ खान नसवान, पूर्व प्रिंसिपल रशिद खान मोयल, उस्मान अंसारी, वाहिद अली खान, हाजी फजले हक चौहान, बाबू इस्माइल पूर्व पार्षद, मोहम्मद रमजान कुरैशी, हाजी यूसुफ चौहान, मोहम्मद शफीक पीटीआई घांघू, गुलाम हुसैन हाजीवाला, मौलाना मोहम्मद इश्तियाक बिसाऊ आदि उपस्थित थे। हाजी याकूब थीम ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती इरशाद अहमद कासमी ने किया।

जिला मुख्यालय स्थित वार्ड 27 में मोहल्ला व्यापारियान में बुधवार को युसूफ नूर मोहम्मद गर्ल्स स्कूल का शुभारम्भ किया गया।

सार-समाचार

नर्सिंग शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। आशा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, खेमाणा रोड सादुलपुर में नर्सिंग शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संस्था चैयरमेन रामप्रताप पूनियां की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि किशोरी लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ, राकेश अरोडा अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजगढ, महेन्द्र झाझडिया वरिष्ठ भाजपा नेता राजगढ, डॉ. मनोज झाझडिया खण्ड प्रमुख चिकित्सा अधिकारी राजकीय उप-जिला चिकित्सालय राजगढ, डॉ. हर्षिता राव प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप-जिला चिकित्सालय राजगढ, प्रेम कौर नर्सिंग अधीक्षक राजकीय उप-जिला चिकित्सालय राजगढ थे। संस्था चैयरमेन रामप्रताप पूनियां एवं विशिष्ट अतिथि राकेश अरोडा अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका राजगढ और प्रेम कौर नर्सिंग अधीक्षक, निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने मिस फ्लोरेन्स नाइटेंगल व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. हर्षिता राव द्वारा नर्सेज दिवस की महता, शुरुआत व इतिहास पर प्रकाश डाला गया। नर्सिंग अधीक्षक प्रेम कौर ने नव प्रवेशित जी एन एम प्रथम वर्ष प्रशिक्षणार्थियों को अग्नि को साक्षी मानकर शपथ दिलाई कि वे अपने नर्सिंग व्यवसाय के प्रति पूरी ईमानदारी, लग्न एवम निष्ठा रखेंगें व मरीज के प्रति कभी भी गलत दवाई का इस्तेमाल व लापरवाही नहीं करेगें। किशोरी लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ ने अपने सम्बोधन में नर्सिंग शिक्षा की महता एंव गुणवता पर प्रकाश डाला। संस्था चेयरमेन रामप्रताप पूनियां, संरक्षिका आशा देवी पूनियां, निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने पधारे हुए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, शॉल एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाये एवं प्रशिक्षणार्थियों ने शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बी.एड. प्राचार्य डॉ. विजय सारस्वत, डॉ. विजेन्द्र मलिक, प्रबंधक राजबीर झुरिया, कार्यालयाध्यक्ष दिनेश ख्यालिया, नर्सिंग व्याख्याता करुणानिधि, दीपक, अंजनी लाल, आमिर, त्रिलोक चन्द, अयुब अलि, साजिद एवं संजय शर्मा उपस्थित थे।

मां सरस्वती की मूर्ति का अनावरण

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के पाटोदा ग्राम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रीनाथ जी आश्रम टांई पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 सोमनाथ महाराज के पावन सानिध्य में विद्यालय परिसर में स्थापित सरस्वती मूर्ति का अनावरण एवं कक्षा कक्ष शिलान्यास समारोह का आयोजन बुधवार को भामाशाह दानदाता पाटोदिया परिवार से संगीता-प्रदीप पाटोदिया द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि थी। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार थे। अध्यक्षता सरपंच राजपाल सैनी ने की। स्वागतकर्त्ता स्कूल प्रिंसिपल फारूक अली सहित समस्त विद्यालय परिवार था। सभी अतिथियों एवं भामाशाह परिवार का स्वागत अभिनंदन के माल्यार्पण के साथ साफा ओढाकर किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुरेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर चंद्रपालसिंह शेखावत, भंवरसिंह, नाहरसिंह, कृष्ण कुमार चौधरी एवं रामचंद्र शर्मा पाटोदा सहित अन्यजन बड्डी संख्या में उपस्थित थे। विद्यालय परिसर में स्थापित सरस्वती मूर्ति एवं निर्माणाधीन कक्षा कक्ष के भामाशाह पाटोदिया परिवार से मनभरीदेवी धर्मपत्नी स्व. चौथमल पाटोदिया, प्रमोद कुमार, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार पाटोदिया पुत्र स्व. चौथमल पाटोदिया, सुयश पाटोदिया पुत्र स्व. सुनिल पाटोदिया, ट्रस्टी डूंगरमल पाटोदिया चेरिटेबल ट्रस्ट मुंबई एवं सुनिल पाटोदिया वेलफेयर ट्रस्ट मुंबई का सभी अतिथिगण ने आभार धन्यवाद प्रकट किया।

मां भारती को रंगोली में सजाया

झुंझुनूं, (निसं)। शहर के मंडेला रोड पर स्थित वर्षा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सांस्कृतिक व खेलकूद सप्ताह के दौरान मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं ने मुख्य द्वार पर ना केवल रंगोली बनाई बल्कि ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना का चित्र उकेर कर देशभक्ति का बड़ा संदेश भी दिया। प्रथम वर्ष की बीएड प्रशिक्षु आरची सैनी, सोनू कुमारी, लुबना व निशा ने जहां एक ओर भारत माता व राष्ट्रीय ध्वज को रंगों से भरकर मां भारती को नमन किया तो वहीं द्वितीय वर्ष की बीएड प्रशिक्षु वर्षा वालिया, ज्योति सैन, पूजा नायक, खुशबू व पूजा ने रफाल विमानों की गति दिखाकर ऑपरेशन सिन्दूर के प्रति गर्व महसूस कर सैल्यूट किया। निर्णायक मंडल में शामिल सुभाषचंद्र और वर्षा शर्मा ने द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं की रंगोली कलाकृति को पहला स्थान व प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं की कलाकृति को दूसरा स्थान प्रदान किया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, प्रवक्ता सुमन झाझडिया व बीएड प्रशिक्षु रणजीत गुर्जर कोहली समेत अन्य प्रशिक्षु मौजूद रहे।

हनुमान चालीसा का पाठ किया

सीकर (निसं)। सेवार्थ फाउंडेशन की महिला टीम द्वारा लगातार शहीद हुए फौजी भाइयों की शांति की लिए हनुमान चालीसा के पाठ किए जा रहे है मातृशक्ति अभी तक 500 पाठ कर चुकी है संस्था की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशोर कंवर ने बताया कि संस्था लगातार हनुमान चालीसा की प्रतियोगिता भी रखती है जो महिला अधिक पाठ करती है उसे सम्मानित भी किया जाता है। इस बार आतंकी हमले के विरोध में शहीद हुए फौजी भाइयों के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किए जा रहे है जिससे उनके परिवार को भगवान संबल प्रदान करे। संस्था के सदस्य लगातार चालीसा कर रहे है जिसमें 51 से ऊपर पाठ सीकर की हंसा शर्मा दिल्ली से राजकंवर कुचामन से मोनिका राठौड सीकर के महिला अधिकारिता विभाग से नीलम कुमारी एवं अन्य सदस्य लगातार पाठ कर रहे है संस्था संरक्षक समाजसेवी शिक्षाविद् मंजू लाटा द्वारा इस कार्य के लिए मातृशक्ति को धन्यवाद दिया गया संस्था एडमिन पैनल द्वारा पाठ करने वाली सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया।

गौपालन समिति की बैठक 20 मई को

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में 20 मई, 2025 को सायं 5 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय गोपालन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. मदनलाल गहनोलिया ने बताया कि बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 में अंधे व अपाहिज गोवंश को माह अगस्त, सितंबर, अक्टूबर 2024 अंतर्गत अतिरिक्त 90 दिवस की सहायता का अनुमोदन सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

तारानगर (निसं)। तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने दुष्कर्म के मामले में भालेरी थाना क्षेत्र के कोहीणा गांव के जयसिंह पुत्र भगवानसिंह को अपराध अंतर्गत धारा 366, 376 (2) भारतीय दंड संहिता में दोषसिद्ध कर 10 वर्ष के कठोर कारावास व दस हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित कर जेल भेजा है अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने बताया कि अर्थ दंड जमा नहीं करवाने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला स्तरीय जन सुनवाई आज

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर जनसुनवाई एवं समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 15 मई 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय जनसुनवाई की जाएगी।

कलेक्टर आज अभाव-अभियोग सुनेंगे

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में गुरुवार 15 मई को सवेरे 11 बजे पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन सेवा केन्द्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर आमजन के अभाव-अभियोग सुनेंगे।

सतर्कता समिति की बैठक आज

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति मई 2025 की मासिक बैठक 15 मई 2025 को प्रात: 10 बजे सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग, परिसर सीकर में विडियों कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

सार-समाचार

कक्षा कक्ष के लिए भामाशाह ने एक लाख रूपए का सहयोग दिया

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झेरली में दो कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए स्टाफ द्वारा एक लाख रूपए की सहायता देने के बाद अब भामाशाह भी आगे आए है। भामाशाह बलबीर शर्मा ने स्कूल में प्रस्तावित कक्षा कक्ष निर्माण के लिए अपनी तरफ से एक लाख रूपए की सहायता राशि दी है। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि इस मौके पर पुरूषोत्तम भटैया, भान सिंह, सुरेश शर्मा व विजेंद्र शर्मा के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद थे। बलबीर शर्मा का आभार जताते हुए व्याख्याता संजीव कुमार ने बताया कि स्कूल के विकास में ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में स्कूल के नामांकन को लेकर भी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिसमें भी ग्रामीण से सहयोग लिया जाएगा। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि स्कूल में दो कक्षा कक्षों के निर्माण के बाद विद्यार्थी एक अच्छे माहौल में शिक्षा हासिल कर पाएंगे। इस मौके पर मंजू कुमारी, सुमन जांगिड, अशोक कुमार सैनी, सुनिल कुमार शर्मा, शकुंतला, मांगेलाल, विजयश्री, पूनम, अनुसूइया, नेहल चौधरी, सुनिता शर्मा, रवि कुमार शर्मा, करणी सिंह व कविता आदि मौजूद थे। विदित रहे कि गत दिवस जब स्कूल स्टाफ के सामने यह बात आई कि स्कूल में दो कक्षा कक्षों के निर्माण की आवश्यकता है तो एक लाख रूपए की राशि समस्त स्टाफ के द्वारा एकत्रित की थी। इसकी जानकारी अब ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीण भी भामाशाह के रूप में आगे आ रहे है।

स्कूल में टॉपर्स का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल के सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में होनहार एवं सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में उत्कर्ष पुत्र अजय कुमार सिहाग ने 93.40 प्रतिशत, नेहा पुत्री महेंद्र कुमार जांगिड ने 92.80 प्रतिशत, अभिषेक पुत्र बाबूलाल ने 92 प्रतिशत, कार्तिक जांगिड पुत्र आदर्श जांगिड ने 91.80 प्रतिशत, रिया पुत्री विनोद कुमार कुमावत ने 91.80 प्रतिशत एवं निलाक्षी कुमावत पुत्री बाबुलाल कुमावत ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रागंण में संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने होनहारों का तिलकार्चन, माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने बधाई दी एवं भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देकर अपना, अपने परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्राचार्या निधि सिहाग ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पर अभिभावक सुमन, जुगल जांगिड, विमला देवी, सुलोचना, बाबूलाल, मीनू एवं एईएन ज्योति ढूकिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 28 जून को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। लक्ष्मणगढ नागरिक परिषद की ओर से आगामी 28 जून को यहां शकुन्तला वाटिका सभागार में मेधावी विद्यार्थी एवं होनहार युवा सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया जाएगा। परिषद द्वारा हर वर्ष यह सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। परिषद की कोलकाता स्थित केन्द्रीय इकाई के उपाध्यक्ष अशोक चूडीवाला ने बताया कि इस समारोह में उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने इस वर्ष सीबीएसई परीक्षा 95 प्रतिशत या इससे अधिक अथवा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 90 प्रतिशत या इससे अधिक प्राप्तांकों से उत्तीर्ण की है। इसके साथ ही विभिन्न प्रोफेशनल (सीए, सीएस, एमबीबीएस, एलएलबी/ एलएलएम, एमबीए, बीटेक, एमटेक, सीएमए व ऐसे ही अन्य किसी प्रोफेशनल पाठ्यक्रम) डिग्री हासिल करने वाले स्थानीय होनहार युवाओं का अभिनन्दन भी किया जाएगा। परिषद के स्थानीय सचिव निशान्त गोयनका ने बताया कि स्थानीय शिक्षण संस्थाओं से मेधावी छात्र-छात्राओं की सूची तथा प्रोफेशनल डिग्री हासिल करने वाले होनहार युवाओं से अपने प्रपत्र (अंकतालिका, आधार कार्ड, फोटो, मोबाइल नम्बर इत्यादि) परिषद के स्थानीय कार्यालय 10 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से भिजवाने को कहा गया है।

कुंड में गिरने से बालिका की मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ तहसील के निकटवर्ती गांव झुंगली में बुधवार को घर के आंगन में खेल रही आठ वर्षीय बालिका की पानी के कुंड में गिर जाने के कारण मृत्यु हो गई। दोपहर तीन बजे मिली जानकारी में थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि रोहिताश सिंह राजपूत (46) निवासी झुंगली ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसके भतीजे गिरधारी सिंह की पुत्री नंदिनी उम्र आठ वर्ष घर के आंगन में खेल रही थी। करीब 6 बजे सुबह उसकी मां आंगन में बने कुंड से पानी निकाल कर पशुओं को पानी पिला रही थी। इसी दौरान नंदनी खेलते खेलते कुंड के पास पहुच गई तथा कुंड खुला होने पर बच्ची अचानक कुंड में गिर गई उसकी मां ने देखा ओर शोर शराबा किया तो भाग कर वह आया और बच्ची को पानी के कुंड से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना के बाद बच्ची को अस्पताल लेकर गए तो चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा शव परिजनों को सौंप दिया।

संस्था प्रधान पर शिक्षक के साथ मारपीट करने का आरोप, संस्था प्रधान को हटाने की मांग

- विद्यालय स्टाफ का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा
- राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा कार्यकर्ता ने मांग का समर्थन किया

सादुलपुर, (निसं)। पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका विद्यालय में संस्था प्रधान और शिक्षक की लड़ाई जहां दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं अन्य शिक्षक संगठन भी मांग के समर्थन में लड़ाई में कूद पड़े हैं। मामले में संस्था प्रधान को हटाने और पीएम श्री योजना अंतर्गत गबन के मामले की जांच करने की मांग को लेकर विद्यालय स्टाफ का दूसरे दिन भी धरना जारी रहा।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बब्लेश शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी का गठन किया है ब्लॉक शिक्षा कार्यालय के सामने शिक्षकों ने मांग के समर्थन में नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया वही राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उप शाखा कार्यकर्ताओं ने मांग का समर्थन किया है। इस मौके पर शिक्षकों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का घेराव कर विरोध जताया।

इस मौके पीएम श्री राजकीय मोहतां बालिका विद्यालय के स्टाफ ने विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत कर बताया कि 9 मई 2025 को प्रात: पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत सुमेर सिंह वरिष्ठ अध्यापक गणित के साथ प्रधानाचार्य डॉ सुशीला बलौदा ने मारपीट की। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना राजगढ़ में दर्ज है तथा घटना की लिखित शिकायत भी की जा चुकी है इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक चूरू एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी शिकायत की जा चुकी है फिर भी आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

शिकायत में बताया कि समस्त स्टाफ की एक ही मांग है या तो विद्यालय से प्रधानाचार्य डॉ सुशीला बलौदा को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए या फिर स्टाफ को हटा दिया जाए।

शिकायत में शिक्षकों ने बताया कि प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ को प्रताड़ित कर शोषण कर रही है।पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका विद्यालय में कार्यरत शिक्षक विमलेश चंद्र ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को लिखित शिकायत कर बताया कि संस्था प्रधान स्टाफ सदस्यों को एक-एक करके प्रताडित कर रही है।

विभागीय आदेशों की पालना नहीं की जाती है शिकायत में बताया कि 16 फरवरी 2024 को नोडल विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने फेसबुक पर अपनी फोटो शेयर की जिसको उन्होंने लाइक कर दिया। जिसको लेकर उसको प्रताडित किया गया। विद्यालय पीएम श्री योजना अंतर्गत व काफी बजट आता है।

प्रधानाचार्य द्वारा उसमें भी हेरा फेरी की जा रही है जिसकी जांच की आवश्यकता है विद्यालय में कार्यरत शिक्षक सर्वेश कुमार ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत कर बताया कि उन्होंने 22 फरवरी 2023 को विद्यालय में पद भार ग्रहण किया था मेरा परीवीक्षण काल दिनांक 23 फरवरी 2025 को पूर्ण हो गया। आवेदन करने के बाद भी उसको स्थाई कर नहीं किया जा रहा है तथा निवेदन करने के कारण उसे प्रताडित किया जा रहा है।

राजगढ़ में शराब ठेके पर फायरिंग का मामला दर्ज

सादुलपुर, (निसं)। पुलिस थाना राजगढ के नजदीकी एक शराब ठेके के पास दिनदहाडे फायरिंग की घटना को लेकर आखिरकार दुसरे दिन सेल्समैन ने बुधवार शाम को सात बजे के लगभग मामला दर्ज करवा दिया है।

इस संबंध में थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि भूप सिंह (46) पुत्र चन्द्राराम जाट निवासी वार्ड नंबर 37 कस्बा राजगढ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह संजय कुमार निवासी गागडवास की अंग्रेजी शराब की स्वीकृत शुदा दुकान पर गत चार वर्षों से सेल्समैन है। तथा गांव खारिया निवासी मानसिंह भी उसके साथ सेल्समैन है। दिनांक 13 मई 2025 मंगलवार शाम को 4.30 बजे के आसपास तीन युवक मोटरसाइकिल लेकर शराब की स्वीकृत दुकान के सामने आए। दर्ज मामले में बताया कि दो युवक जिनके दोनों के हाथों में पिस्टल था। एक युवक मोटरसाइकिल पर बैठा रहा। तथा दोनों युवकों में से एक ने कहा कि लोग मुझे विकास उर्फ पोपट कहते हैं, तू मेरे बारे में लोहारू में किसी से पूछ लेना, सब बता देंगे मैं कैसा हूं, इतना कहने के बाद उसे जान से मारने की धमकी देकर एक लाख रुपए की मांग करने लगे। इसी दौरान विकास उर्फ पोपट ने उसे जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। वह भाग कर दुकान के अंदर चला गया। तो उसने कहा कि रुपए तो देने पडेंगे। तथा एक दो हवाई फायर करते हुए अपनी मोटर साइकिल लेकर रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गए।

इसके बाद गोली की आवाज सुनकर अन्य पडोसी दुकान वाले भी आ गए। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्री गोपाल गौशाला का नवाचार एक अच्छी पहल

झुंझुनूं, (निसं)। अभी तक हमने मनुष्य को ही मैट पर सोते और बैठते देखा होगा। लेकिन अब झुंझुनूं की श्री गोपाल गौशाला में रहने वाली गौमाता भी गर्म गद्दों (मैट) पर सो और बैठकर आराम कर पाएंगी। झुंझुनूं की गौशाला में भी नवाचार के क्रम में यह झुंझुनूं जिले की पहली गौशाला होगी जहां गायों के बैठने के लिए गद्दों का प्रयोग किया जाएगा। जानकारी देते हुए गौशाला कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि मुंबई प्रवासी सुशील गाडिया ने झुंझुनूं प्रवास के दौरान गत दिवस गौशाला में आकर गौसेवा की और गौमाता के लिए काउ मैट मंगवाए जाने की स्वीकृति दी है। जो गौ माता को सर्दी और गर्मी में राहत देगी। इस पर बैठने एवं सोने से गौ माता को बेहद आराम मिलेगा। उन्होंने बताया कि काउ मैट गौवंश को कई रोगों से बचाता है। इस मैट से गौवंश के घुटने छिलने की समस्या से भी मुक्ति मिलती है। गौवंश के थन को सुरक्षित रखने में भी मैट काफी मददगार होती है। इससे गौवंश के दूध उत्पादन की क्षमता में भी बढ़ोतरी होती है। यह गौवंश के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होती है। विदित है कि वर्तमान कार्यकारिणी ने हाल फिलहाल इस वर्ष में कई भामाशाहों के सहयोग से गौ-आवासों का निर्माण करवाया। गुजरात भावनगर से गिर गाय एवं बीकानेर- लूणकरणसर से राठी नस्ल की गायें लाकर उनका लालन पालन गोशाला में किया जा रहा है। झुंझुनूं की श्री गोपाल गोशाला नवाचारों के लिए जानी जाती हैं। यहां गौ माता की सेवा पिछले 125 वर्षों से होती रही है। यह गौशाला स्थानीय एवं प्रवासियों के सहयोग से संचालित है।

हरपालू पतराम में बन्द रास्ता खुलवाने की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील के निकटवर्ती गांव हरपालु पतराम के ग्रामीणों ने मिनी सचिवालय राजगढ में पहुंचकर गांव के बन्द प्रमुख रास्ते को खुलवाने की मांग कर विरोध प्रदर्शन किया। तथा एसडीएम को लिखित शिकायत की।

शाम पांच बजे दी जानकारी में इस मौके पर ओम्पति, नरेंद्र सिंह, लीलाराम, लक्ष्मण, मंदीप, प्रताप सिंह, सत्यवान फौजी, राम अवतार सहित गांव की महिलाओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि

- एसडीएम राजगढ़ को ज्ञापन सौंपा

रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

गत 10 दिनों से रास्ता बंद होने के कारण गांव के लोग ही नहीं बल्कि स्कूल जाने वाले विद्यार्थी भी परेशान हैं। सम्बंधित विभाग को लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों को धरना प्रदर्शन करने के साथ-साथ सडक जाम कर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पडेगा, जिसके जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इसी दौरान विनोद बागडी, लिछमण, नरेन्द्र सिंह, ओमपति पंचायत समिति सदस्य, लीलाराम, बाबुलाल, मंदीप, संदीप कुमार, छाजूराम, रामावतार सिंह, दलवीर, सत्यवान फौजी, प्रताप सिंह, सचिन कुमार, मंजीत, रितेश, सुबेसिंह, राकेश, साहिल, रोनी, ललित कुमार, बलवान सिंह, भरत सिंह सहित दर्जनों महिला पुरूष ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-

-: आपत्ति सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशानार्थ सूचित किया जाता है कि श्री नितेश पुत्र श्री ओमप्रकाश जाति सोनी निवासी वार्ड नं. 16 रावतसर ने आवेदन कर दस्तबरदारी से प्राप्त अपने आवासीय भूखंड नजूल भूमि वार्ड नं. 20 साईज 89.81 वर्गमीटर का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पटटा श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री ओमप्रकाश के नाम से दिनांक 23.12.2021 को साईज 89.81 वर्गमीटर का जारीशुदा है। श्रीमती रामप्यारी की मृत्यु दिनांक 11.04.2024 को हो चुकी है। श्रीमती रामप्यारी के वारिस श्री ओमप्रकाश सोनी (पति), स्वाती सोनी, सपना (पुत्रियां), नितेश (पुत्र) है। उक्त वारिसों द्वारा उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 09.01.2025 को श्री नितेश पुत्र श्री ओमप्रकाश को दान कर दी। जिसका नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। अतः प्रार्थी द्वारा दस्तबरदारी से प्राप्त अपने आवासीय भूखंड का नामांतरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति व ऐतराज हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-

-: आपत्ति सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशानार्थ सूचित किया जाता है कि श्री ओमप्रकाश सोनी पुत्र श्री मन्शाराम जाति सोनी निवासी वार्ड नं. 16 रावतसर ने आवेदन कर दस्तबरदारी से प्राप्त अपने व्यावसायिक भूखंड सेवरट जनरल मार्किट भू. सं. 57 साईज 15 गुणा 30 फीट का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पटटा श्री मोहनलाल पुत्र श्री सूरजमल जाति महेश्वरी के नाम से साईज 15 गुणा 30 फुट का जारीशुदा है। उक्त भूखंड श्री मोहनलाल द्वारा श्री मंशाराम पुत्र श्री रूपाराम को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.01.1987 को बेचान कर दिया। श्री मंशाराम की मृत्यु दिनांक 19.02.2017 को हो चुकी है। श्